PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 20224-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 22 अंक 14 जयपुर: 23 फरवरी 2024 से 7 मार्च 2024 RNI No : RJHIN/2002/9810 वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

जरूरी सूचना

यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।

सम्पर्क करें 9314407796

जयपुर गोआन एसोसिएशन और परिष्कार पत्रिका ने किया

कुष्ठ आश्रम में जरूरतमंदों को भोजन वितरण का कार्यक्रम



परिष्कार पत्रिका जयपुर। जयपुर गोआन एसोसिएशन, राजस्थान-गुजरात एंग्लो-इंडियन एसोसिएशन और परिष्कार पत्रिका के तत्वावधान में इन्द्रा कुष्ठ आश्रम झोटवाड़ा जयपुर के माध्यम से कुष्ठ रोगियों को भोजन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फादर रेमंड कोइलो निदेशक मॉर्निंग स्टैट एंग्लम स्कूल भद्रामपुरा ने परिष्कार पत्रिका के निदेशक श्रवणसिंह किरार और गोआन ऐसोसिएशन के सेक्रेट्री डेंजिल नाजरथ और रविसिंह किरार को इस पुनित कार्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रार्थना की और सभी अपने हाथों से परोसा। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने प्रसादी ग्रहण की। जिसका मुख्य उद्देश्य था कि जो प्रसादी हम ग्रहण कर सकते है हम उसी का वितरण कर रहे हैं। इस अवसर पर साईमन कैमिश, राजेश डिडवाणिया सहित इन्द्रा कुष्ठ आश्रम के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

राज्यपाल की अध्यक्षता में रेडक्रॉस सोसायटी कि विशेष समीक्षा बैठक आयोजित

रक्तदान, अंगदान, देहदान से जुड़ी भ्रांतियों के निवारण में जागरूकता के लिए कार्य हो

नव गठित 17 जिलों में रेडक्रॉस शाखाओं का तेजी से विस्तार किया जाए - राज्यपाल

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि प्रदेश में नवगठित 17 जिलों में इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखाओं के विस्तार का कार्य तेजी से किया जाए। उन्होंने जिला कलेक्टरों द्वारा रेडक्रॉस जिला शाखाओं में सदस्यों की संख्या बढ़ाए जाने, सर्वाइकल कैंसर और अन्य रोगों के प्रति जागरूकता के साथ ही आदिवासी क्षेत्रों में रेडक्रॉस गतिविधियों के लिए विशेष प्रयास करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने रक्त दान, अंगदान और देहदान के लिए लोगों को प्रेरित करने और इससे जुड़ी भ्रांतियों के निवारण में भी जागरूकता का आह्वान है। मिश्र राजभवन में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में जिन रेडक्रॉस शाखाओं के भवन नहीं हैं, वहां जिला कलेक्टर स्तर पर भूमि आवंटन की कार्यवाही भी त्वरित की जाए। उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों को एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण देने के साथ सामाजिक सेवाओं के लिए प्रेरित किए जाने की आवश्यकता जताई। राज्यपाल ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के जरि, अंगदान, देहदान, नशामुक्ति अभियान, रक्तदान शिविर आदि में जन भागीदारी बढ़ाई जाए।

मिश्र ने पीड़ित मानवता की सेवा के लिए सभी को मिलकर कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि रेडक्रॉस सिर्फ आपदा के समय ही नहीं सामान्य परिस्थितियों में भी सेवा और सहायता के लिए तत्पर रहें। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आकस्मिक दुर्घटना ग्रस्त व्यक्तियों की प्राथमिक चिकित्सा के जरिए जान बचाने के लिए भी आमजन में जागरूकता प्रसार की आवश्यकता जताई। इससे पहले मिश्र ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा की राज्य प्रबंध समिति के चेयरमैन राजेश कृष्ण बिडला एवं अन्य सदस्यों को बधाई और शुभकामना दी। राज्यपाल ने समीक्षा बैठक में रेडक्रॉस टाइम्स न्यूज लेटर का भी लोकार्पण किया। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटीए राजस्थान के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने रेडक्रॉस की सामाजिक गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुक्ला सिंह ने रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखाओं द्वारा अस्पताल गोद लेकर वहां स्वच्छता और अन्य कार्य किए जाने, आदिवासी क्षेत्रों में एनीमिया से बचाव, एंबुलेंस सेवाओं को प्रभावी करने के सुझाव दिए। राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल ने रेडक्रॉस गतिविधियों के बारे में और भविष्य में किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी। बैठक में प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जारसराबाट, रेडक्रॉस सोसाइटी के महासचिव जगदीश जिंदल, राज्य शाखा के पदाधिकारी और अन्य अधिकारी इस अवसर उपस्थित रहे।

बालिकाओं को करें शिक्षित समाज का होगा उत्थान

परिष्कार पत्रिका जयपुर। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा है कि वर्तमान समय शिक्षा और विज्ञान का है, जो समाज अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देगा, वही आगे बढेगा। कैबिनेट मंत्री कुमावत चूरू जिले के राजगढ़ मुख्यालय पर प्रजापत समाज विकास समिति की धर्मशाला के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंत्री कुमावत ने कहा कि मेहनत की कमाई परोपकार के कार्यों में लगाना पुण्य का काम है। हम सभी के सहयोग से विकास कार्यों को गति मिलेगी और विकसित भारत के संकल्प को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक ढांचे और समाज के विकास के लिए समय की मांग के अनुसार शिक्षा के मार्ग को सुदृढ़ करना होगा। इसके लिए समाज में पर्याप्त जागरूकता लाते हुए बालिकाओं को शिक्षित करें ताकि समाज का उत्थान हो सके। इसी के साथ केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में पर्याप्त लाभ उठाते हुए सामाजिक विकास और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सामाजिक उत्थान में महिलाओं की भागीदारी अहम है। महिलाओं की भागीदारी शासन प्रशासन में भी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी ने नया वंदननिधियेक लाकर महिलाओं के लिए लोकसभा व विधानसभा में 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की हैं। शिल्प एवं माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं सूरतगढ़ विधायक डूंगर राम गैंदर ने कहा कि शिक्षा सामाजिक उत्थान में सबसे अहम भूमिका निभाती है।

धाणका समाज तेरह परगना की आम बैठक सम्पन्न

चुनाव कमेटी का गठन किया, जल्द ही चुनाव कराने की तैयारी शुरू

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान धाणका जनजाति समाज तेरह परगना जयपुर के तत्वावधान में दुर्गापुर में समाज की सभी क्षेत्रीय पंचायत के प्रधान सचिवों गणमान्य नागरिकों द्वारा आम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता लालाबास महाराज ने की जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की समाज के चुनाव सुनिश्चित कराया जाए। यह चुनाव राजस्थान धाणका जनजाति सभा तेरह परगना जयपुर के अधीन करवाया जाए। क्षेत्रीय सेक्रेट्री भौरी लाल देराण ने बताया कि इस बैठक एक चुनाव कमेटी का गठन किया गया, जिसमें चुनाव अधिकारी के पद पर भंवरलाल निर्माण सचिव पद पर राजकुमार कायथ कोषाध्यक्ष के पद पर अर्जुनलाल इंदौरे एवं सभी देवों से चुनाव में सहयोग प्रदान करने के लिए हरिनारायण निर्वाण जगदीशलुगरिया कानडाबला कजोड़ निर्माण सागर बावलिया बंसीलाल खनगवाल शंकरअटकाण बाबूलाल गहलोत बृजसुंदर निर्माण रामस्वरूप लुगरिया कुलदीप सिंह तंवर को चुना गया। इस अवसर पर भंवर लाल निर्माण ने बताया की चुनाव समिति अपना कार्य प्रारंभ कर दिया है जिसके तहत समाज के देवो को पत्र द्वारा एवं दुर्वासा द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की मतदाता सूची जल्दी चुनाव समिति को उपलब्ध करवाने की सूचना दी गई। जिससे समय पर चुनाव करवाया जा सके।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग भर्ती2022-22

4 से 7 मार्च तक किया जाएगा काउंसलिंग का आयोजन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग भर्ती 2022-23 के पदों हेतु 20 फरवरी 2024 को जारी चिरातित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग का आयोजन 4 मार्च से 7 मार्च 2024 तक निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त भर्ती के तहत जारी चिचरित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को काउंसलिंग लेटर, आयोग वेबसाइट से विस्तृत आवेदन-पत्र एवं आवश्यक दिशा-निर्देश डाउनलोड कर विस्तृत आवेदन-पत्र दो प्रतियों में समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर संबंधित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जातिए मूल निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां एक प्रति में संलग्न कर मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिनांक व समय पर आवश्यक रूप से उपस्थित होना होगा। काउंसलिंग के लिए पृथक से कोई बुलावा-पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

जो अपना इतिहास भूल जाते हैं, वे कभी इतिहास नहीं बना सकते।

आईसीएसआई द्वारा आयोजित सीए फाउंडेशन परीक्षा में लहराया परचम

परिष्कार पत्रिका जयपुर। शास्त्री नगर स्थित टैगोर विद्या भवन उच्च माध्यमिक विद्यालय के सत्र 2022-23 कक्षा 12 कामर्स संकाय उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने आईसीएसआई द्वारा आयोजित सीए फाउंडेशन परीक्षा में प्रथम प्रयास में रिकार्ड 12 चयन कराकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस परीक्षा में रूपम साहु, डिम्पल सेवानी, साक्षी कुमावत, चंचल चौधरी, नोफेल मुगल, प्रतुल दुबे, अजय कुमार चेलानी, खुशी सोनी, अर्पित अग्रवाल, पलक अग्रवाल एवं खुशबु सैन ने 220 से अधिक अंक प्राप्त कर सीए फाउडेशन परीक्षा को पास किया। इस परीक्षा के साथ ही सीएमए परीक्षा में इसी विद्यालय के अर्जित आंकर ने जयपुर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

प्रतियोगिता परीक्षा में सभी सफल रहे प्रतिभागियों को विद्यालय निदेशक पीडी सिंह ने बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। टीपीएस, शास्त्री नगर, सीईओ, डॉ रुचिरा सोलंकी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए जीवन में निरंतर प्रगति की और अग्रसर रहने का संदेश दिया। प्राचार्य अमित कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर पुरस्कृत कर उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

जयपुर विकास प्राधिकरण

जेडीए ने एक बीघा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया ध्वस्त

परिष्कार पत्रिका जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रताप नगर विस्तार के पास जेडीए स्वामित्व सुविधा क्षेत्र की करीब 01 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा अतिक्रमण मुक्त करवाया एवं प्लॉट नं.51, 52 सेन्ट्रल कॉलोनी फेज-2 के सामने रोड़ पर अवैध कब्जा-अतिक्रमण कर बनाये गये 08 टीनशेडनुमा कोठरियां इत्यादि किये गये कब्जे अतिक्रमणों को आज जोन-06 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटावाया जाकर रोड़ को कब्जा अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही उपनियंत्रक प्रवर्तन द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-6, 10, 13, पीआरएस नॉर्थ तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जापे, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा संपादित की गई।

राज्य सरकार दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील

विकसित भारत का सपना बहुत जल्द होगा साकार

परिष्कार पत्रिका जयपुर। उप मुख्यमंत्री दियाकुमारी ने प्रधानमंत्री की सबका साथ सबका विकास की सोच के अनुसार दिव्यांगजन को परिवार के हिस्से के रूप में साथ लेकर ही आगे बढ़ने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2014 से विकास की गति तिगुनी हो गई है। विकसित भारत का सपना 2047 से पहले ही बहुत जल्दी साकार होगा। उन्होंने कहा राज्य सरकार महिला सशक्ति करण के लिए संकल्पित है। उप मुख्यमंत्री के मुख्य अतिथ्य में राजकीय सावित्री बाई फुले छात्रावास, कॉलेज स्तरीय गांधीनगर जयपुर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी वितरण समारोह आयोजित किया गया। दिया कुमारी ने समारोह को संबोधित करते हुए 60 दिव्यांगजनों को स्कूटी मिलने की बधाई दी और कहा कि यह आपके जीवन में खुशियों का संचार करे यही मेरी कामना है। उन्होंने दिव्यांग स्कूटी वितरण कार्यक्रम कवरेज करने आए मीडिया कर्मियों का आभार जताते हुए कहा कि हम सभी के द्वारा हमारे परिवारजन दिव्यांगजनों को महत्व दिया जाना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूटी प्राप्त वाले दिव्यांग जनों में कई बेटियां भी हैं। राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा के लिए कार्य किए किए जा रहे हैं। बजट घोषणा में करोड़े दिया को स्पोर्ट्स कोटा में शामिल किया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और उनका समुचित संचालन भी होगा। उन्होंने कहा कि जुलाई में जब फिर बजट आएगा तो दिव्यांग जनों का विशेष ख्याल रखा जाएगा। दिया कुमारी ने कहा कि पब्लिक प्लेस पर रैंप बनाए जाने के साथ ही वहां ब्रेल लिपि में सूचना पट्ट भी लिखवाये जाएं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन सहित सामाज कल्याण के लिए निजी संस्थाएं, उद्योगपति तथा कॉरपोरेट्स सी एस आर के तहत योगदान देने के लिए आगे आने चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के तहत दिव्यांगजन के लिए दो बजट घोषणाएं की गई हैं जिनमें जयपुर के जामडोली में कंपोजिट रीजनल सेंटर बनवाया जाएगा और इसी प्रकार दिव्यांगजनों के लिए राज्य में जिला रिहैबिलिटेशन सेंटर भी बनाए जाएंगे।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे अविनाश गहलोतए सामाजिक न्याय एवं अधिकारितामंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील है और निरंतर दिव्यांग जनों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आगे आने वाले समय में भी दिव्यांग जनों के लिए स्कूटी वितरण करती रहेगी और दिव्यांग जनों के कल्याण के लिए धन की कमी नहीं आने देगी। अविनाश गहलोत ने कहा कि आगे आनेवाले समय में विभाग द्वारा निशक्त जन प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर लगाए जाएंगे और योजनाओं का सीधा लाभ विशेष योग्य जनों को मिल सके इसका प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास की संकल्पना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार किया जाएगा। अविनाश गहलोत ने कहा कि भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराने, राजकीय सेवा में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए तथा दिव्यांगजनों के लिए समायोजित करने वाला वातावरण बनाने के लिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 लाया गया। जिसके तहत दिव्यांगजनों को राजकीय सेवा में 4 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था भी की गई है। साथ ही दिव्यांगता की श्रेणियां बढ़ाकर 21 कर दी गई है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्ति शिक्षा की और अग्रसर हो तथा उच्च शिक्षा को प्राप्त कर सकें इस हेतु चलन दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को राजस्थान मुख्यमंत्री स्कूटी योजना से लाभान्वित किया जाता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि भारत सरकार की दिव्यांगजनों के प्रति संकल्पना को अनुरूप राज्य के विशेष योग्यजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अधिक अवसर सुलभ करवाने हेतु ऐसे दिव्यांगजन जो कि स्वरोजगार हेतु आवागमन करना पड़ता है उन्हें भी राज्य में मुख्यमंत्री स्कूटी योजना से लाभान्वित किया जाता है। इसी क्रम में जयपुर जिले के 60 दिव्यांगजनों को मुख्यमंत्री स्कूटी से लाभान्वित किया जा रहा है। अविनाश गहलोत ने कहा कि राज्य में सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों में विशेष योग्यजनों को सम्मलित करना, विशेष योग्यजनों के लिए पुनर्वास सेवाओं का विस्तार करनाए विशेष योग्यजनों के लिए संचालित कल्याणकारी कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करना, इत्यादि कार्य राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे है। राज्य सरकार द्वारा विशेष योग्यजनों को उनकी पात्रता एवं क्षमता के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराकर विशेष योग्यजनों के लिए राज्य में संचालित कल्याणकारी योजनान्तर्गत लाभान्वित कराकर उनका पुनर्वास किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार विशेष योग्यजनों को समान अवसर उपलब्ध कराने तथा स्वाधीनता एवं स्वाभिमान पूर्ण जीवनयापन करने हेतु उन्हे आर्थिक संबल भी प्रदान कर रही है। राज्य में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अन्तर्गत वर्तमान में 6 लाख 48 हजार विशेष योग्यजन व्यक्ति पेंशन योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार के अन्तर्गत ऋण प्रदान किया जा रहा है दिव्यांगजनों की गतिशीलता को बढ़ाने के लिए उन्हें कृत्रिम अंग/उपकरण के साथ-साथ मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल वितरित की जा रही है ताकि वह दूसरों पर निर्भर न रहकर अपना आवागमन सुगमता से कर सके। कुरुक्षेत्र राका, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की विशेष योग्यजन चिरातित परिस्थितियों का सामना करते हुए अपने हौसलों के साथ आगे बढ़ते हैं।

आमजन अवश्य देखे विधानसभा म्यूजियम

स्वतंत्रता सैनानियों की गाथाओं को जोड़ा जाएगा म्यूजियम में

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राजस्थान विधानसभा का राजनीतिक आख्यान संग्रहालय राज्य के समृद्ध इतिहास का ज्ञान करवाता है, उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया है कि वे इस संग्रहालय को अवश्य देखें। देवनानी ने कहा कि देश, विदेश और राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों से जयपुर आने वाले पर्यटक और अध्ययन यात्रा पर आने वाले प्रदेश के विद्यालय, महाविद्यालय और विश्व विद्यालयों के विद्यार्थी विधानसभा के संग्रहालय को अवश्य देखें।

जिला पर्यटन और शिक्षा अधिकारियों को भेजे जायेंगे पत्र

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा में राजनीतिक आख्यान संग्रहालय के संबंध में एक बैठक बुलाई। उन्होंने संग्रहालय में आने वाले दर्शकों और संग्रहालय से संबंधित विभिन्न जानकारियां ली। उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला पर्यटन अधिकारियों को पत्र लिखे जायें, ताकि अधिक से अधिक पर्यटक और विद्यार्थी इस महत्वपूर्ण संग्रहालय को देखने के लिए आ सके।

स्वतन्त्रता सैनानियों की गाथाओं को भी जोडा जाएगा म्यूजियम में

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि संग्रहालय में राज्य की संस्कृति और स्वतन्त्रता आन्दोलन से संबंधित महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथ्यों को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के अनुरूप समावेशित किया जायेगा।

A.S. MEMORIAL Sec. School

Ankit Singh
Director

58, Shanti Nagar, N.B.C. Road
Jaipur-302006
Mob. 9549036888

Day Boarding
English Medium

Your Childs Journey to a Great Future begins here

Experience Teaching Staff, Spoken English Classes, Personality Development, Memory Tips, Study By Porjectors, Sparate Furniture for every Student, On every Saturday there are Activities, Classes of Yoga, Games of Spelling, Meaning and Interaction with all the Student in English Language, Hygienic and Friendly Environment for Students and Personal Attention is given, Big and Airy Classrooms, Conveyance Facility for every Area.

सम्पादकीय

परीक्षाओं के दौर शुरू हो गया। सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के साथ साथ अध्यापकों की परीक्षा का समय। जहां हर विद्यार्थी अगली कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा देता है वहीं अध्यापक सभी की परीक्षाएं सरीके से हो जाएं इसकी तैयारी में जुटे रहते हैं। हम सभी को अपने जीवन के हर क्षेत्र में कदम-कदम पर परीक्षा देनी पड़ती है हर व्यक्ति की परिक्षा अलग-अलग प्रकार से होती है क्योंकि हर व्यक्ति की परिस्थितियां व समस्या व क्षेत्र अलग-अलग होते हैं जिन्हें उस समय के हालातों व समय अनुसार के हिसाब से हल करना पड़ता है, लोगों के उदाहरण, समझ और अनुभव हमें मार्गदर्शन जरूर करते है लेकिन हर जगह एक जैसे हालत नहीं होते जहां कलम की जरूरत हो वहा तलवार काम नहीं आती। जहां समझ से कार्य करना चाहिए वहा ताकत व्यर्थ साबित होती है। कुछ जगह केवल पैसा काम आता है तो कुछ जगह केवल अनुभव और सम्बध अपना करिश्मा दिखाते है। कुछ जगह हमारा अच्छा आचरण व व्यवहार कार्य करा देता है तो कुछ हालात में हमें संघर्ष का रास्ता तैयार करना पडा है। इसलिए हमें अपने व्यक्तित्व, योग्यता, ज्ञान, जानकारी, समझ और अनुभव को निरंतर बढाते हुए हर प्रकार की परिक्षा के लिए तैयार करना चाहिए क्योंकि हर कार्य में नकल काम नहीं आती, हर समय परीक्षा के सवाल अलग होते है, परिस्थितिया अलग होती है। समस्या, अलग-अलग होती है, इसीलिए यदि हर समय नकल करेंगे तो असफल हो जाऐंगे। अक्सर हम जीवन के कठिन समय, परेशानी व समस्याओं में खुद को अकेला समझकर कभी-कभी निराश व मायूस होने लगते है हमें अपनी योग्यताओं, क्षमताओं और अनुभव पर विश्वास कम होने लगता है यही से हमारी हार निश्चित होने लगती है जबकि हम भूल जाते है कि सूर्य अकेले ही पूरे ब्रह्मांड को रोशन कर रहा है, पृथ्वी ने सभी प्राणियों का जीवन चलने का भार अपने ऊपर उठा रखा है। डॉ भीमराव अंबेडकर के ढूंढ संकल्प ने सदियों से शोषित वर्ग के उत्थान की बीडा उठाकर उसे न्याय दिलाने का प्रयास किया, डॉ अब्दुल कलाम ने अपने हौसले से अपना नाम विश्व पटल पर स्वर्ण अक्षरों में अंकित कर दिया। हमें भी अपनी योग्यताओं, अनुभव, क्षमता और हौसले पर विश्वास करते हुए हर लक्ष्य को हासिल करने, हर संघर्ष मे कामयाब होने, हर समस्या को हल करने और हर कठिन परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। निरंतर अपनी योग्यताओं क्षमताओं और अनुभव को बढाते हुए अकेले ही डटे रहने का प्रयास करते हुए विश्वास करना चाहिए कि हम अकेले ही हर कठिनाई को दूर करने की शक्ति रखते है। यही आत्मविश्वास हमें हर क्षेत्र में कामयाबी दिलाते है और हर परीक्षा में सफल करते हैं। इसलिए जीवन में किसी भी परीक्षा से डरे नहीं। उसे चुनौति के रूप में स्वीकार करें।

जय हिन्द। जय भारत ।।

हैरिटेज निगम ने 10 कर्मचारियों को सप्ताह के सर्वश्रेष्ठकर्मी के रूप में किया सम्मानित

परिष्कार पत्रिका जयपुर। नगर निगम जयपुर हैरिटेज में फरवरी माह के तृतीय सप्ताह के लिए 10 श्रेष्ठ कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। हैरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने कर्मचारियों को बधाई दी व कहा कि अपने कार्य को पूर्ण जिम्मेदारी से किये जाने के कारण आज निगम द्वारा आपको सम्मानित किया गया है ताकि आपका अपने कार्य के प्रति लगाव बना रहे व आपका मनोबल बढ़ सके।

उन्होने उम्मीद जताई कि वे आगे भी इसी तरह अपने कार्यों को पूर्ण क्षमता से करते रहें। इस दौरान ओमप्रकाश सारवान स्वास्थ्य निरीक्षक द्वितीय, कमलचंद स्वास्थ्य निरीक्षक सीवर, गुड्डी सफाई कर्मचारी, अंबिका सफाई कर्मचारी, योगेश डंगोचिया सफाई कर्मचारी रात्रिकालीन, विजय थामोचिया कार्यवाहक जमादार, शंकर लाल गुर्जर गैराज कन्ट्रोल टाइम कीपर, अब्दुल रज़ाक जेसीबी वाहन चालक, रामचरण गुर्जर डम्पर वाहन चालक, दिनेश शर्मा मिनी ट्रक वाहन चालक आदि कुल 10 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसरपर अतिरिक्त आयुक्त करतार सिंह, रौनक बैरागी आदि उपस्थित थे।

शक्ति वंदन स्वयं सहायता समूह सखी सम्मान समारोह का आयोजन

महिला सशक्तिकरण के बिना कोई देश आगे नहीं बढ़ सकता : विधि न्याय एवं संसदीय कार्यमंत्री

परिष्कार पत्रिका जयपुर। विधि न्याय एवं संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में राजीविका के द्वारा जोधपुर जिले की पंचायत समिति मण्डोर के सभागार में पंचायत समिति लूणी, धवा, मण्डोर, केरू का शक्ति वन्दन स्वयं सहायता समूह सखी सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान पंचायत समिति मण्डोर सुरता सेंगवा ने की एवं पूर्व जोधपुर जिला प्रमुख पुलाराम चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जोगाराम पटेल ने उपस्थित महिलाओं से आत्म संवाद करते हुए उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों, गतिविधियों एवं उत्पादन की जानकारी लेने के साथ-साथ समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता से सुना। पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला उत्थान की अनेकों योजनाएं लागू की है। राजीविका महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्ति करण का कार्य लम्बे समय से कर रहा है। देश की आधी आबादी महिलाएं है। महिला सशक्तिकरण के बिना कोई देश आगे नहीं बढ़ सकता। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कार्य करने के लिए कार्यालय भवन का निर्माण एवं ऋण पर ब्याज कम करने की मांग की गई जिस पर पटेल ने मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने एवं स्वीकृत कराने का भरोसा दिलाया। पटेल ने पारिवारिक संदस्य के रूप में बात करते हुए सभी महिलाओं को अपने आर्थिक संबल की गतिविधियों के साथ-साथ परिवारजनों का भी ख्याल रखने की भोलावण दी। मंच संचालन एवं राजीविका की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला परिषद के अति मुख्य कार्यकारी अधिकारी गणपतलाल सुथार ने बताया की बैंकों से लिया गया ऋण समय पर चुकाने की प्रतिबद्धता बनाये

रखनी है। ऋण का पुरा सदुपयोग करते हुए अधिक से अधिक गुणवत्तापुर्ण उत्पाद तैयार किया जा रहा है और साथ ही प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है।

इस अवसर पर पटेल द्वारा महिलाओं को दीवार घड़ी भेंट की गई। कार्यक्रम में राजीविका डीपीएम श्री ओमप्रकाशए श्री सरदार सिंहए श्री शेषमल सुथार सहायक विकास अधिकारीए नेमाराम चौधरी, अमृतलाल, दुर्गेश इटुई सहित पंचायत समिति लूणी, धवा, मण्डोर, केरू की राजीविका से जुड़ी सैकड़ों महिलायें उपस्थित रही।

सेंट जोसफ स्कूल में बसंत पंचमी हर्षोल्लास के साथ मनाई

परिष्कार पत्रिका जयपुर। सेन्ट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल, प्रताप नगर जयपुर में येलो डे एवं बसंत पंचमी का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने बताया की बसंत ऋतुओं का राजा कहलाता है इसमें प्रकृति का सौन्दर्य सभी ऋतुओं से बढ़कर होता है। गुलमोहर, चम्पा, सूरजमुखी एवं गुलाब के फूलों के सौन्दर्य से आकर्षित रंग-बिरंगी तितलियों का मनमोहक दृश्य सभी को मंत्रमुग्ध कर देता है। प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों के मन में हरियाली सी छा गई, बसंत इत्यादि कविताओं के पाठ ने सभी का मनमोह लिया। प्राचार्य डॉ एलडीशर्मा ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की एवं विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए अपने भावी जीवन पर ध्यान केंद्रित करने पर बल दिया।

सदाचार स्कूल में मनाई बसंत पंचमी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। बनीपार्क स्थित सदाचार उच्च माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ऊषा शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

उन्होंने बताया कि सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझकर निरंतर शिक्षा ग्रहण करते रहने चाहिए। उन्होंने बताया कि सीखने की आदत से हम निरंतर आगे की ओर बढ़ते है और अपना, अपने परिवार और अपने देश का विकास करने के लिए समक्षम बनते हैं। उन्होंने इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्यों को भी शुभकामनाएं दी।

विशेष योग्यजनों को आत्म सम्मान के साथ जीवन सशक्त करने की दिशा में राज्य सरकार संकल्पबद्ध

समाज का कोई भी वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग सरकार की योजनाओं से अछूता नहीं रहेगा : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री

परिष्कार पत्रिका जयपुर। उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार विशेष योग्यजनों को आत्म-सम्मान के साथ जीवन सशक्त करने तथा राज्य की प्रगति में योगदान करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहे हैं। इन योजनाओं का लाभ राज्य के प्रत्येक दिव्यांगजन तक पहुंच सके इसके लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। डॉ प्रेम चंद बैरवा भगवंत सिंह मेहता सभागार नेहरू भवन हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांगजन पुरस्कार समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांगजन दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजनों एवं विशेष योग्यजनों के क्षेत्र में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति यों और संस्थाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जाता है। इसी तर्ज पर राज्य सरकार द्वारा 03दसंबर के दिन विशेष योग्यजनों के कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजनों एवं विशेष योग्यजनों के क्षेत्र में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति यों और संस्थाओं को राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाता है। उम्मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पुरस्कार समारोह के माध्यम से पुरस्कार पाने वाले व्यक्ति और संस्थान प्रोत्साहित होंगे और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों और उनकी प्रतिभाओं से समाज रूबरू हो सकेगा।डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राज्य में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अन्तर्गत 6.48 लाख से अधिक दिव्यांगजन प्रतिमाह नियमित पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। राज्य में दिव्यांगजनों के लिए सुलभ वातावरण तैयार किया जा रहा है जिससे कि वे अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग कर सके। उन्होंने कहा कि आज सम्मानित होने वाले दिव्यांगजन और संस्थाओं के लिए यह सम्मान एक प्रतीक मात्र है ऐसी ही अनेक विशेष योग्यजन प्रतिभाएं समाज में छुपी है जिन्हें समाज के समुख लाने की हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ अविनाश गहलोत ने कहा कि हम सब मिलकर कार्य करेंगे और विकसित भारत के साथ विकसित राजस्थान का सपना भी साकार करेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार द्वारा विशेष योग्यजनों के हित में लाभकारी व कल्याणकारी योजनाएं लाई जाएगी और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का सीधा लाभ

विशेष योग्यजन तक पहुंचाया जाएगा। राज्य सरकार का प्रयास रहेगा कि समाज का कोई भी वंचित और जरूरतमंद वर्ग विभाग की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से अछूता न रहे। उन्होंने कहा कि आज के समारोह में सर्वश्रेष्ठ 31 विशेष योग्यजन एवं सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजन के श्रेत्र में कार्यरत 22 व्यक्तियों और संस्थाओं सहित कुल 53 लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा विशेष योग्यजनों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। राज्य में दिव्यांग जनों के चिन्हिकरण एवं प्रमाणीकरण करवाकर यूनिक डिसएबिलिटी पहचान पत्र जारी करवाने में राजस्थान अग्रणी राज्यों में से एक है। गहलोत कहा कि राज्य सरकार सिलिकोसिस पीड़ित व्यक्ति के यथाशीघ्र प्रमाणीकरण कर उसे आर्थिक सहायता एवं इलाज हेतु 3 लाख रूपये तथा मृत्यु उपरांत परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से 2 लाख रूपये राशि प्रदान करती है। साथ ही सिलिकोसिस प्रमाणित होते ही उन्हें विशेष योग्यजनों के समान पेंशन,पालनहार इत्यादि योजनाओं से लाभान्वित करवाया जाता है। कुलदीप रांका, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता ने कहा कि प्रत्येक जन कल्याणकारी सरकार का प्रयास अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के आंसू पोंछकर उनको आर्थिक एवं सामाजिक संबल प्रदान करना होता है। उन्होंने कहा कि एक सबके लिए, सब एक के लिए की अवधारणा के साथ राज्य सरकार कार्य कर समाज में दूरगामी परिवर्तन लाने के लिए प्रयासरत है।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कैम्प का आयोजन किया

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय टीबा थ्योपुर सांगानेर में छात्र-छात्राओं की जांच की गई। चिकित्सा विभाग के द्वारा आरबीएसके राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कैम्प का आयोजन किया गया। शाला प्रधान ऋतु रानी शर्मा सहित चिकित्सक कैलाश चन्द्र, चिकित्सा अधिकारी टीम के साथ उपस्थित रहे और विद्यार्थियों की जांच की गई।

सदाचार विद्यालय के शुभमराज सिंह ने जयपुर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया

परिष्कार पत्रिका जयपुर। बनीपार्क स्थित सदाचार उच्च माध्यमिक विद्यालय के शुभमराज सिंह ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जयपुर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से सैलबाला पण्ड्या ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ऊषा शर्मा ने शुभमराज को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महारानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय पुरस्कार सम्मान समरोह

परिष्कार पत्रिका अजमेर। हिंद सेवा दल के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महारानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय पुरस्कार सम्मान समारोह के आयोजन के संदर्भ में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक दल के अध्यक्ष आर के महावर की अध्यक्षता में गांधी भवन परिसर में आयोजित की गई। प्रवक्ता राजेंद्र गांधी ने बताया कि 10 मार्च को सूचना केंद्र में होने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महारानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय पुरस्कार सम्मान समारोह कार्यक्रम के संबंध में पर चर्चा की गई तथा आगामी सेवा कार्यों के लिए विचार विमर्श

किया गया। इस अवसर पर महेश बिहारी माथुर, प्रदीप कछावा, पुनीत भार्गव, राधे श्याम गहलोत, पीयूष सुराणा, महेंद्र कुमार जोशी, शिव शंकर, चंद्रभान, चंद्रप्रकाश, जितेंद्र चौधरी, सुरेंद्र सिंह, दीपक ठाकुर, कुलदीप खन्ना, नंदा शर्मा, नेहा सिंह, मीना भाटी, अनुराधा मंत्री, रोशनी, पुष्पा क्षेत्रपाल, प्रेमलता, कैलाश चंद, निक्की जैन, मोनिका हटवाल एवं अन्य साथी गण मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री की सहमति के बाद नर्सिंग व पैरामेडिकल भर्ती की कार्यवाही तेज

चिकित्सा मंत्री ने चरणबद्ध रूप से प्रक्रिया पूरी करने के दिए निर्देश

सीएमबी नई टीमों का गठन कर काम शुरू, अतिरिक्त मुख्य सचिव कर रहीं गहन मॉनिटरिंग

परिष्कारपत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 20 हजार 500 से अधिक पदों पर नर्सिंग व पैरामेडिकल भर्ती-2023 को जारी रखने की मंजूरी मिलने के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में इन भर्तियों के लिए प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र सिंह ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि महाविद्यता की राय के अनुसार भर्ती प्रक्रिया चरणबद्ध रूप से पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसे ध्यान में रखते हुए भर्ती से संबंधित कार्यवाही को गति देकर समयबद्ध रूप से पूरा करने का प्रयास करें। चिकित्सा मंत्री के निर्देशों के बाद इस बहुप्रतीक्षित भर्ती को पूरा करने के लिए राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान सीएमबी में टीमों का गठन कर काम शुरू कर दिया गया है। अतिरिक्त मुख्यसचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शुभ्रा सिंह भर्ती प्रक्रिया को चरणबद्ध रूप से पूरा करने के लिए स्वयं गहन मॉनिटरिंग कर रही हैं। शुभ्रा सिंह ने भर्ती प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि महाविद्यता की राय के अनुसार भर्ती से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को गति दी जाए। वरीयता सूची सहित अन्य परिवेदनाओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निस्तारण कर भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया में आने वाली बाधाओं एवं समस्याओं का महाविद्यता से राय लेकर शीघ्र निस्तारण करें।

सदाचार उच्च मा. विद्यालय
आकड़ मार्ग, बनीपार्क जयपुर फोन नं. 2202026
[अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम सहशैक्षणिक संस्था]
कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय
SADACHAR PUBLIC SCHOOL
(An English Medium Co-educational institute)
Ph. 3141519, 2202026
English Medium
Play Group to VIIIth
Conveyance Facility (Auto)
Based on N.C.R.T. Pattern
सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं

ऊषा शर्मा
प्रिंसिपल
सदाचार उच्च मा विद्यालय

अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर के स्पीकर्स ने मानसिक स्वास्थ्य और उसकी चुनौतियों पर डाली रौशनी

राजस्थान यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञान विभाग, एसएमएस कॉलेज व हॉस्पिटल और रूसा की ओर से आयोजित

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मानसिक स्वास्थ्य कल्याण और मनोभावों को व्यक्त करने की जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। राजस्थान यूनिवर्सिटी के साइक्लोजी डिपार्टमेंट और एसएमएस मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के साइकेट्रिस्ट सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस मेन्टल हेल्थ एटकॉल रोडस कंटेम्प्रारी मोडलिटीज़ एंड स्ट्रेटेजीज फॉर प्रमोशन ऑफहेल्थ एंड वेल-बिंग का आरम्भ हुआ। ये कार्यक्रम राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान 2.0 के प्रोजेक्ट 13, साइकोलॉजिकल इंटरवेंशंस फॉर प्रमोशन ऑफहॉलिस्टिक हेल्थ एंड वेल-बीइंग के अंतर्गत किया गया। कांफ्रेंस में मानसिक स्वास्थ्य की ओर बढ़ावा देने के लिए समसामयिक तौर-तरीके और रणनीतियों पर चर्चा की गई साथ ही देशभर से चुने गए 29 रिसर्च पेपर्स की स्पेशल एडिशन जर्नल को भी मंच लॉन्च किया गया। मानसिक स्वास्थ्य के सांस्कृतिक आयामों पर विशेष जोर देते हुए कार्यक्रम के पहले दिन संरक्षक राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अल्पना कटेजा, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के पूर्व वाईस चांसलर व मुख्य वक्ता प्रो गिरीश्वर मिश्रा, कार्यक्रम के अध्यक्ष एसएमएस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग के प्रमुख प्रो संजय जैनए राजस्थान विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो ओपी शर्मा, सम्मेलन निदेशक प्रो सुशीला पारीक, डॉ चंद्रमणी सेन और डॉ ललित बत्रा व सुनील शर्मा के नेतृत्व में उद्घाटन सत्र के साथ आरम्भ हुआ। सम्मलेन के दोनों दिन पांच मुख्य विषयों स्वास्थ्य संवर्धन रणनीतियां और अभ्यास, मनोरोग निदान और चिकित्सीय चुनौतियां, सकारात्मक मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेप, मन और मस्तिक संबंध सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभाव के विभिन्न रूपों पर मंथन किया जाएगा। दो दिनों में होने वाले पैनल डिस्कशन में अतिथि और स्पीकर के तौर पर गुजरात से सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी के पूर्व वाईस चांसलर प्रो गिरीश भाई भिमानी, आईआईटी हैदराबाद प्रो अमृता देब, पुणे से एसपी पुणे यूनिवर्सिटी प्रो बीआर रोजावत, पुणे के

सिम्बायोसिस कॉलेज से प्रो अल्पना देवा, हरिद्वार के गुरुकुल कांगरी यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट हेड प्रो सीपी कोचर, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी से प्रो संदीप कुमार, पंजाब यूनिवर्सिटी से प्रो वंदना शर्मा, मुंबई यूनिवर्सिटी से एलाइड सायकोलोजी के डिपार्टमेंट हेड प्रो सतीश चंद्र, पांडिचेरी से सायकेट्रिस्ट कंसलटेंट प्रो सौमित्रा बासु, दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया से प्रो नावेद इकबालए कंसलटेंट डॉ रूप सिधाना, हरियाणा के एमडी यूनिवर्सिटी के प्रो राजबीर सिंह, अहमदाबाद यूनिवर्सिटी से प्रो उर्मी नंदा बिस्वास और जम्मू कश्मीर के उच्च शिक्षा विभाग से डॉ निसार अहमद वानी ने भी शिरकत की। इसी के साथ दिन के पहले पैनल डिस्कशन स्ट्रेटेजीज़ फॉर प्रिवेशन एंड एन्हांसमेंट ऑप्टिचिंग मेन्टल हेल्थ हेल्दी लाइफस्टाइल एंड पॉजिटिव सायकोलॉजिकल इंटरवेंशंस पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के पहले दिन का समापन भव्य समापन सांस्कृतिक संध्या के साथ किया गया। जहां यूनिवर्सिटी के पूर्व स्टूडेंट्स ने मेन्टल हेल्थ पर सामाजिक धारणाओं को तोड़ने और मानसिक रिश्तों को जागरूक करने के विषय पर नुक्कड़ नाटक किया। साथ ही राजस्थान फोक डांस के साथ सभी टीम मेंबर्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन, 24 फरवरी को पांच मुख्य विषयों पर पेपर प्रेजेंट किये गए। साथ ही प्रेक्टिसेज़ एंड मॉडेलिटीज़ ऑफ ट्रीटमेंट एफिशिएंसी इन डीलिंग विद डायग्नोसिस, ट्रिटमा एंड रिहैबिलिटेशनए पर चर्चा का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का समापन सर्टिफिकेट वितरण समारोह के साथ किया गया।

परिष्कार मैरिज ब्यूरो

वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः छरदक, डाबला, कावया। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः अरवाण, पवेराबा, महलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः किशर, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः निर्वाण, मौर्या, कावया। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः सीलण, हार्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है दिल्ली में कार्यरत 34वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 ए. सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है जोधपुर हाईकोर्ट में कार्यरत 32 वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 बी, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः डाबला, किशड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः फरण्ड, कावया, निर्वाण। पो.बा. 507, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 30 वर्षीय ग्रेजुएट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः हार्रा, निर्वाण, सोलंकी। पो.बा.506, सम्पर्क करें 9314407796

वर चाहिए

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एग्रीकल्चर साईंटिस्ट लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः कावया, लुगरिया, माधर। पो.बॉ. 525, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः किशड़, इन्दौरा, दैतण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः मावर, डाबला, महलोत। पो.बॉ. 376, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए टीचर की तैयारी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः किशड़, डाबला, निर्वाण। पो.बॉ. 359, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए, प्राइवेट जॉब लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः मावर, सीलण, होटला, पो. बा. 262, सम्पर्क करें 9314407796,

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एमकॉमपास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः बनगवाल, मोरवाल, तुर्किया, इन्दौरा। पो.बॉ. 510, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बॉ. 508, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः लुगरिया, मावर, डाबला, अरवाण। पो.बॉ. 398 , सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 23 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः किशड़, डाबला, सीलण पो.बॉ. बी-1 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 23 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः निर्वाण, बावलिया, हार्रा पो.बॉ. बी-2 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

अंगदान एवं प्रत्यारोपण पर राज्य स्तरीय कार्यशाला शपथ में राजस्थान अव्वल

अंगदान करने में भी रचेंगे कीर्तिमान

अंगदान बढ़ाने के लिए बनाया जाएगा रोडमैप : अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा

परिष्कार पत्रिका जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि राजस्थान भामाशाहों और दानवताओं का प्रदेश है। दान करना यहां की संस्कृति में रचा-बसा है। विगत दिनों में जिस तरह से यहां अंगदान को लेकर जनचेतना बढ़ी है। अंगदान की शपथ लेने में राजस्थान देश में अव्वल है। अंगदान करने में भी राजस्थान को अव्वल बनाने के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा। सिंह चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय अंगदान एवं प्रत्यारोपण आमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक आयु के करीब 25 प्रतिशत नागरिकों ने अंगदान का संकल्प लिया है, जो एक रिकॉर्ड है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में अंगदान को लेकर आमजन में एक भावना पैदा हुई है। हमारा प्रयास होगा कि इस भावना को साकार रूप देकर अधिक से अधिक लोगों का जीवन बचाएं। प्रदेश में अंगदान हेतु बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाया जा रहा है, ताकि अंगों की मांग और उपलब्धता के अंतर को न्यूनतम स्तर पर लाया जाए। हमारा यह भी प्रयास है कि अंगदान करने और प्रत्यारोपण करवाने, दोनों की ही प्रक्रिया सरलतम हो। सिंह ने कहा कि राजस्थान किसी समय चिकित्सा की दृष्टि से बीमारू श्रेणी में था, लेकिन अब प्रदेश में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। राजनीतिक नेतृत्व की प्रतिबद्धता के कारण स्वास्थ्य के क्षेत्र को लेकर अब संसाधनों की कोई कमी नहीं है। प्रदेश में 7 प्रतिशत से अधिक बजट स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर खर्च किया जा रहा है। राजस्थान आज मातृ मृत्यु दर, नवजात मृत्यु दर, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सहित अन्य स्वास्थ्य मानकों को लेकर बेहतर स्थिति में है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए चिकित्सा संस्थानों का अभियान चलाकर निरीक्षण किया जा रहा है। विगत तीन सप्ताह में 2500 से अधिक निरीक्षण किए गए हैं।

चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने कहा कि कुछ वर्षों पहले तक राजस्थान में अंगदान को लेकर जनचेतना नगण्य थी। अब स्थिति बदली है और लोग आगे आकर अंगदान के लिए संकल्प ले रहे हैं। राज्य सरकार प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में अंगदान के लिए सुविधाएं विकसित कर रही है, ताकि अंगदान करने वालों की संख्या बढ़े। उन्होंने कहा कि अंगदान करने वाले तथा अंग प्राप्त करने वालों के बीच सूचनाओं का समुचित समंप्रेषण करने के लिए तकनीक आधारित सिस्टम विकसित किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अंगदान के प्रति जागरूकता के साथ-साथ यह जरूरी है कि ऑर्गन फेल्योर की स्थिति नहीं बने। इसके लिए जरूरी है कृत्रिम स्वस्थ जीवन शैली और स्वस्थ खान-पान के लिए प्रेरित हो। प्रदेश में इसके लिए आज से शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के माध्यम से लोगों को मिलावट से बचने के लिए न केवल जागरूक किया जाएगा, बल्कि मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। नेशनल ऑर्गन एण्ड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन नोटो के निदेशक डॉ अनिल कुमार ने कहा कि देश में

अंगदान का प्रतिशत बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी क्षतियों और मिथकों के चलते मृत्यु के उपरांत अंगदान करने वालों की संख्या बेहद कम है। कुल अंगदान में से मात्र 2 प्रतिशत अंगदान ऐसे हैं, जो मृत्यु उपरांत किए गए हैं। मृत्यु के बाद अंगदान को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है कि ब्रेन स्टेम डेड व्यक्ति के परिवारजनों की काउंसलिंग कर उन्हें अंगदान के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के अंगदान से 8 से 9 लोगों को जीवनदान मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष 2 लाख नए लोग अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा सूची में जुड़ जाते हैं, जबकि हर वर्ष मांग की तुलना में मात्र 5 प्रतिशत लोगों का अंग प्रत्यारोपण संभव हो पाता है। उन्होंने बताया कि अब अंगदान के लिए राज्यों के अधिकार की शर्त को हटा दिया गया है। अब देश में कहीं भी अंग प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकता है। ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए पॉलिसी बनाई गई है। अंगों के सुगम परिवहन के लिए हर एयरपोर्ट पर नोडल ऑफिसर की नियुक्ति की गई है। केंद्र सरकार का प्रयास है कि हर राज्य में कम से कम एक मल्टी ऑर्गन ट्रांसप्लांट सेंटर संचालित हो। मोहन फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ सुनील श्रॉफले कहा कि राजस्थान में अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए सार्थक पहल हुई है। राजस्थान ऐसा पहला प्रदेश है, जहां ड्राइविंग लाइसेंस पर अंगदान की इच्छा प्रकट करने का विकल्प दिया गया है।

रक्तदान शिविर, अंगदान व देहदान पर सेमिनार

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था की ओर से रविवार 25 फरवरी को प्रातः 9:30 से 2:00 बजे तक 14वीं विशाल रक्तदान शिविर व श्रक्त दान, अंगदान व देहदान का महत्व विषयक सेमिनार प्रताप नगर सांगानेर सेक्टर 11 स्थित सामुदायिक केन्द्र में आयोजित होगा। संस्था द्वारा रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्त दाताओं को हेलमेट व प्रशंसा पत्र भेंट किये जायेंगे। शिविर के साथ आयोजित सेमिनार में वक्ता व अतिथि अपने विचार व्यक्त करेंगे। शिविर व सेमिनार में मुख्य अतिथि बगरु विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कैलाश वर्मा होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी व इस्कॉन मंदिर के चेयरमैन ज्योति कुमार माहेश्वरी करेंगे। आरएटूचएस के वाइस चांसलर डॉ सुधीर भण्डारी अतिविशिष्ट अतिथि और मुख्य वक्ता समाजसेवी महेन्द्र कुमार शर्मा होंगे। शिविर में नेत्रदान व देहदान का भी काउन्सर लगाया जायेगा।

आत्म जागरण व दृष्टिकोण के बदलाव से संभव है बुराईयों का अंत : प्रो नरेश दाधीच

लाडनूं में आईसीएसएसआर के सहयोग से सामाजिक शांति पर दो दिवसीय इंटरनेशनल सेमिनार का शुभारंभ

परिष्कार पत्रिका लाडनूं। इंडियन कॉंसिल ऑफ सोशियल साईंस रिसर्च आईसीएसएसआर के सौजन्य से यहां जैन विश्वभारती संस्थान मान्य विश्वविद्यालय के अहिंसा एवं शांति विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन सेमिनार हाल में किया गया। स्ट्रेंथनिंग दी इशूंट अवेयरनेस ऑफएफेक्चरन एंड यूनिटी एक्वेस्ट फोर सोशल पीस विषय पर आयोजित इस अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार के शुभारम्भ सत्र के मुख्य अतिथि वर्द्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी कोटा के पूर्व कुलपति प्रो नरेश दाधीच ने कहा कि शांति कोई ऐसी चीज नहीं है, जिसे प्राप्त किया जा सके, बल्कि शांति तो वह है, जिससे हर चीज प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अशांति व संघर्ष जीवन के लिए प्राकृतिक होते हैं। संघर्ष के निवारण करने का तरीका शांति है। उन्होंने शांति स्थापना के लिए किसी कानून, तंत्र या सशक्त शासक की आवश्यकता के बजाय आत्म-परिवर्तन की आवश्यक बताया। मन, वचन व कर्म से किसी का बुरा नहीं करने का रास्ता महात्मा गांधी ने अहिंसा के लिए बताया था और संत्याग्रह के रूप में विरोधी का भी बुरा नहीं करने का मार्ग दिखाया। प्रो दाधीच ने बताया कि 80 प्रतिशत लोगों को शांति के लिए प्रेरित किया जा सकता है। यह आत्म-जागरूकता के द्वारा संभव है, जो वस्तुओं को देखने के दृष्टिकोण को बदल सकता है और यही जागरूकता ध्यान होती है। जागरूक व्यक्ति कभी बुराई नहीं करता है।

सेमिनार के मुख्य वक्ता ब्रिटेन के राजनीतिक वैज्ञानिक डा चन्द्रदेव भट्ट ने आंतरिक शांति और बाह्य शांति के दो भेदों पर प्रकाश डाला और भारतीय दर्शन व पाश्चात्य दर्शन के दृष्टिकोणों के बारे में विस्तार से विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने आध्यात्म और भौतिकवाद पर प्रकाश डालते हुए समन्वय की जरूरत पर बल दिया तथा कहा कि वर्तमान में शिक्षा को जीवन से हटा कर जगत के विषयों पर आधारित कर दिया गया है, जबकि भारतीय मूल्यों में तत्त्वज्ञान से ऊपर उठ कर ब्रह्मण और आत्मा के ज्ञान का विकास करके व्यक्ति व उसकी आत्मा को परिष्कृत करने पर बल दिया गया है। उन्होंने शांति की दिशा में स्वतंत्रता, समानता व भाईचारा की आवश्यकता बताई। विशिष्ट अतिथि जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के पूर्व कुलपति प्रो केएल व्यास ने कहा कि विज्ञान ने बहुत तरक्की कर ली है, लेकिन हिंसा व संघर्ष की समस्या सबके सामने है। भारत ने भी विज्ञान और वैश्वीकरण की दिशा में बहुत काम किया है, लेकिन हिंसा के भाव प्रतिफलित भी हुए हैं। आज विश्व को क्षेष और एकता की आवश्यकता है।

विश्व शांति की दिशा में समुदायवाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद और आतंकवाद की पांच समस्याओं को बहुत बड़ी बताई और कहा कि ये पांच विचारधाराएं शांति और एकता में रूकावट बनती है। उन्होंने गोष्ठियों, सम्मेलनों, संचार से विचारों का प्रसार करके इन पर काबू पाने की आवश्यकता बताई और कहा कि वार्तालाप व परस्पर सहयोग की भावना बढाई जानी चाहिए। सामाजिकरण के माध्यम से हर परिवार में शांति के भाव बढे और हिंसा के भाव मिटे, तभी विस्तारित रूप से अहिंसा काप्रत्युद्गन हो सकता है।

सत्र की अध्यक्षता करते हुए जैविभा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बच्छराज दूगड़ ने कहा कि सामाजिक शांति स्थापना की दिशा में जैविभा संस्थान लगातार प्रयासरत है। यहां अहिंसा एवं शांति विभाग की स्थापना व पाठ्यक्रमों के साथ अहिंसा प्रशिक्षण, विभिन्न समुदायों-सम्प्रदायों की एकता के लिए प्रयास एवं अहिंसा यात्रा के रूप में सामाजिक समरसता व नशामुक्ति के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। उन्होंने संवाद और संचार को वैमनस्यता मिटाने के लिए महत्वपूर्ण बताया और आचार्यश्री महाप्रज्ञ की अहिंसा यात्रा के दौरान गुजरात दंगों के बाचजूद उनके हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में जाने और शांति स्थापना करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मनुष्य को स्वयं के, प्रकृति के और समाज के अलगाव से बचना चाहिए। विश्रृंखलता और नकारात्मकता से समस्याएं आती हैं। व्यक्ति को सभी प्रकार की असंगतता से बचना चाहिए। व्यक्ति में सादगी, सदाचार एवं अहं का अभाव होने से ही सामाजिक समरसता संभव है। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुमुक्षु शैफाली के मंगल संगान से किया गया। प्रारम्भ में प्रो सम्मी सत्यप्रज्ञा ने अतिथि परिचय व स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। अंत में अहिंसा व शांति विभाग के विभागाध्यक्ष डा रविन्द्र सिंह राठौड़ ने आभार ज्ञापित किया। डा रिपि जैन ने सेमिनार का संचालन किया एवं विषय प्रस्तुतिकरण किया। इस अवसर पर काठमांडू नेपाल के त्रिभुवन विश्वविद्यालय से डॉ रोशन पोखरेल, गांधी दर्शन समिति नई दिल्ली के प्रो ज्ञानेश प्रसाद, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के पूर्व कुलपति प्रो रूपसिंह बारेठ, केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ हरियाणा के प्रो राजीव सिंह, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतीहारी बिहार के प्रो तुगल किशोर दाधीच, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के निदेशक प्रो संतोष कुमार सिंह, प्रो बजरंग सिंह राठौड़, बीकानेर, डूंगर कॉलेज बीकानेर की प्रो साधना भंडारी, सुबोध कॉलेज जयपुर की प्रो शैफाली जैन, प्रो नलिन के शास्त्री प्रो बीएल जैन, डा प्रद्युम्नसिंह शेखावत, डा आमसिंह, डा विनोद कस्वा, पंकज भटनागर, दीपाराम खोजा, राजेन्द्र बाणड़ी, मोहन सियोल, जगदीश यादावर, डा वीरेन्द्र भाटी आदि प्रमुख विद्वान उपस्थित रहे।

आप सभी के लिए अत्यावश्यक सूचनाएं : किरार

परिष्कार पत्रिका जयपुर। (विजय सिंह किरार) सभी नागरिकों को अत्यावश्यक सेवाओं की जानकारी हेतु कुछ आवश्यक सुझाव

1. सुप्रीम कोर्ट ने घोषणा की है कि यदि किसी का सड़क पर एक्सीडेंट होता है तो उसे कोई भी व्यक्ति तत्काल किसी नजदीक के अस्पताल ले जाए और अस्पताल की यह सबसे पहली जिम्मेदारी है कि उसको भर्ती करें और किसी भी तरह की पुलिस रिपोर्ट के लिए बाध्य नहीं करें बल्कि यह डॉक्टर का कर्तव्य है कि उसका तुरंत आवश्यक इलाज करें और पुलिस को रिपोर्ट बाद में करें।

2. भारतीय रेल प्रशासन ने एक प्रभावी शिकायत तंत्र विकसित किया है जिससे चलती रेल में किसी भी तरह की समस्या होने पर उसकी एसएमएस के द्वारा शिकायत की जा सकती है जिसके ऊपर निश्चित कार्यवाई होगी। आपको ट्रेन नंबर, बोगी नंबर, यात्रा का समय व बिनांक आवश्यक रूप से देने हुए शिकायत जैसे फैन बंद है, बाथरूम में पानी नहीं है, लाइटें बंद है या कोई तुरंत्रा से संबंधित समस्या है इत्यादि के लिए एसएमएस नंबर है 8121281212 कृपया इसे अधिक से अधिक शेयर करें यह बहुत उपयोगी हो सकता है।

3. यदि आप कभी भी कहीं पूरे भारत में किसी बच्चे को भीख मांगते हुए देखें तो कृपया तत्काल सुचित करें। रेड सोसायटी नो नं 9940217816 यह सोसाइटी बच्चों की शिक्षा में पूरी मदद करेगी।

4. यदि आपको कभी भी किसी भी ब्लड ग्रुप के ब्लड की आवश्यकता हो तो आपको एक नहीं हजारों दानवता तुरंत उपलब्ध हो सकेंगे। लॉगिन करें www.friendstosupport.org

5. इंजीनियरिंग स्टूडेंट ऑफ केंपस सिलेक्शन के लिए रजिस्टर करें www.campusconcil.com जिसमें 40 कंपनियां केंपस सिलेक्शन के लिए आप को मौका देगी।

6. दिव्यांगों या शारीरिक अक्षम बच्चों के लिए फ्री शिक्षा व हॉस्टल के लिए संपर्क करें मोबाइल नं. 98420 62501, 98940 67506

7. ऐसे व्यक्ति जिनमें किसी भी तरह की कान, नाक या मुंह की जन्मजात विकृति हो या किसी अग्नि दुर्घटना के शिकार हो गए हो इन सब की निशुल्क प्लास्टिक सर्जरी का जर्मनी देश के विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा फ्री ऑपरेशन किया जाता है संपर्क करें कोडइकनाल PASAM हॉस्पिटल जिसमें सब कुछ निशुल्क होगा फोन नं है 045420-240668, 245732

8. यदि आपको कभी किसी के खोए हुए आवश्यक दस्तावेज कहीं मिलते हैं जैसे ड्राइविंग लाइसेंस एयरपोर्ट, राशन कार्ड, बैंक पासबुक आदि तो आप नजदीक के पोस्ट बॉक्स में डाल दे पोस्टल डिपार्टमेंट संबंधित व्यक्ति तक वह डॉक्यूमेंट पहुंचाकर उनसे अपना चार्ज ले लेगा।

9.नेत्रदान के बारे में कोई भी जानकारी या नेत्र-दान घोषणा आदि के लिए संपर्क करें शंकर नेत्रालय आई बैंक www.ruraleye.org फोन नं 044-28281919, 044-28271616

10. किसी भी बच्चे 0 से 10 वर्ष उम्र के लिए हृदय की निशुल्क सर्जरी के लिए संपर्क करें श्रीवल्लीबाबा इंस्टीट्यूट बेंगलुरू-10 संपर्क मो नं 9916737471

11. रक्त कैंसर ब्लड कैंसर के लिए निशुल्क दवा Imitinef Mercilet जिसके ब्लड कैंसर उड़ से दूर हो जाता है को प्राप्त करने के लिए संपर्क करें अडयार कैंसर इंस्टिट्यूट चेन्नई व ईस्टर केनाल बैंक रोड गांधीनगर अडयार चेन्नई 600020, मिशेल स्कूल के पास फोन नं. 044-24910754, 24911526, 22350241

कृपया इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं।

ज्ञान की प्राप्ती के लिए कोई उम्र निर्धारित नहीं होती : रमेश बैस राज्यपाल महाराष्ट्र

जैविभा विश्वविद्यालय का 14वां दीक्षांत समारोह वाशी में आयोजित

परिष्कार पत्रिका लाडनूं। जैन विश्वभारती संस्थान मानित विश्वविद्यालय का 14वां दीक्षांत समारोह अणुव्रतधा आचार्यश्री महाप्रभमन के सान्निध्य में महाराष्ट्र के वाशी में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि जैन विश्वभारती संस्थान वैश्विक स्तर पर मानवता के लिए, सार्वभौमिक व्यक्ति के लिए नैतिकता के जागरण के लिए अहिंसा, शांति, के प्रचार-प्रसार का कार्य कर रहा है। वर्तमान में विश्वयुद्ध की परिस्थितियों, आर्थिक विषमताओं, विस्थापन की स्थिति आदि के लिए नैतिकता और शांति की स्थापना महत्वपूर्ण हो गई है। आंतरिक शांति, राष्ट्र शांति और प्रकृति की शांति इन तीनों के लिए प्रयास जरूरी है। भारत शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की बात को प्रसारित कर रहा है। आचार्य तुलसी, आचार्य महाप्रज्ञ व आचार्य महाप्रमन के विचारों से ही हम नई पीढी को चरित्रवान बना पाएंगे। उन्होंने दीक्षांत समारोह के सम्बंध में कहा कि दीक्षा का अंत हो सकता है, लेकिन शिक्षा का कोई अंत नहीं होता। सीखने के लिए ज्ञानप्राप्ति के लिए कोई उम्र नहीं होती। ज्ञान किसी भी उम्र में प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने जैन विश्वभारती संस्थान के प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र द्वारा वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों के विकास की ओर दिए जा रहे ध्यान की प्रशंसा की और कहा कि नई शिक्षा नीति से काफी परिवर्तन आया है। आज शिक्षा नैतिकता के लिए चरित्र निर्माण और व्यक्ति निर्माण के लिए है। आचार्यों के निर्देशन में ही भारत को विश्वगुरू बनाया जा सकेगा।

ज्ञान के साथ शांति, अहिंसा व नैतिकता के मूल्यों का विकास महत्वपूर्ण

अनुशास्ता आचार्यश्री महाप्रमण ने समारोह में सभी दीक्षार्थियों को शिखापर्व का उच्चारण करवाया और अपने आशीर्वचन में कहा कि जीवन में ज्ञान का महत्व बहुत अधिक होता है। शास्त्रों में, आगमों में ज्ञान के सम्बंध में बहुत बातें भरी पड़ी है। उन्होंने अहंकार, गुस्सा, प्रमाद, रोग, आलस्य को ज्ञान प्राप्ति में बाधक बताया और इनसे बचने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। आचार्यश्री विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार दिए जाने की भी जरूरत बताई और कहा कि ज्ञान और आचार दोनों जरूरी होते हैं। ज्ञान का आदान-प्रदान ही सरस्वती की साधना होती है। उन्होंने आचार्य तुलसी को शिक्षा देने और अध्यापन करने वाले बताते हुए कहा कि अणुव्रतों के माध्यम से उन्होंने जीवन में अच्छा आदमी बनने के उपाय बताए। महाप्रमण ने अणुव्रत गीत के महत्त्वपूर्ण अंशों का गान करते हुए विद्यार्थी के लिए उनकी आवश्यकता बताई और कहा कि विद्यार्थी में ज्ञान प्राप्ति के लिए निष्ठा और चरित्र सबसे ज्यादा जरूरी है। ज्ञान प्राप्ति के प्रति जागरूक होने के साथ ही शांति, अहिंसा व नैतिकता के मूल्यों का विकास भी होना महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने आचार्य महाप्रज्ञ के प्रेक्षाध्यान और जीवन विज्ञान को विद्यार्थी के बौद्धिक, शरीरिक व मानसिक विकास को विद्यार्थी विकास के लिए जरूरी बताया।

आचार्य तुलसी ने मूल्य आधारित शिक्षा की नींव रखी

समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति व केन्द्र सरकार के विधि एवं न्याय तथा संस्कृति व संसदीय मामलात के मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संकल्प सूत्र का सामुहिक पाठ करवाते हुए आचार्य तुलसी की दूरदृष्टि की सराहना करते हुए कहा कि 1991 में ही उन्होंने सोच लिया था कि मूल्य आधारित शिक्षा नहीं मिली तो हो श्रेष्ठ मनुष्य का निर्माण नहीं कर पाएंगे। अब नई शिक्षा नीति में भी मूल्य आधारित शिक्षा पर बल दिया गया है। नैतिकता होना राष्ट्र की आवश्यकता है। कुलपति प्रो बच्छराज दूगड़ ने स्वागत वक्तव्य एवं संस्थान परिचय प्रस्तुत करते हुए संस्थान के प्रारम्भ से लेकर अब तक के सभी कुलपतियों का स्मरण किया व उनकी उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी एवं संस्थान की उपलब्धियों के बारे में बताया। इस अवसर पर डी लिट की मानद उपाधि प्राप्त करने वाले विद्वान प्रख्यात अर्थशास्त्री केवी कामथ व वेद एवं जैन विद्या के विख्यात मनीषी प्रो कयानंद भार्गव ने भी समारोह को सम्बोधित किया। देश के इन प्रख्यात विद्वानों को प्रदान की गई मानद उपाधि का वाचन प्रो नलिन के शास्त्री ने किया। इस दीक्षांत समारोह में कुल 24 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि 10 को गोल्ड मैडल व विशेष योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा 3567 विद्यार्थियों को स्नातक व अधिस्नातक की डिग्रियां प्रदान की गई। इनमें मुनिश्री आलोक कुमार, साध्वी रूचिदर्शनाश्री, साध्वी श्रुतिवर्शनाश्री भी शामिल हैं। समारोह में विद्यार्थियों व प्रमुख लोगों के साथ साध्वी प्रमुखा, मुख्य मुनि महावीर मुनि, मुनिश्री कुमार श्रमण, विशिष्ट अतिथि विद्यायक गणेश नायक, जैन विश्व भारती के अध्यक्ष अमरचंद लूंकड आदि भी उपस्थित रहे। अंत में आभार ज्ञापन व समारोह का संचालन कुलसचिव प्रो बीएल जैन ने किया।

विकास के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा में लाने में जुटी सरकार : उप मुख्यमंत्री

3 महाविद्यालय भवनों का लोकार्पण

परिष्कार पत्रिका जयपुर। उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा है कि राजस्थान सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में व्यवस्थित तरीके से कार्य किया जा रहा है। 100 दिन की कार्य योजना बनाकर चरणबद्ध तरीके से विकास को गति दी जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने कोटा प्रवास के दौरान कहा कि हम उस दौर में है, जब भारत का विश्व पटल पर मान सम्मान बढा है, हमारे सपने पूरे हो रहे हैं। अब सभी आत्मनिर्भर हों, कोई भी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे, इस उद्देश्य से वंचित और अंतिम छोर के व्यक्ति को मुख्य धारा में लाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की सख्ती और कड़े कदम उठाए जाने के फलस्वरूप पेपर लीक की घटनाओं पर रोक लगी है। शिक्षा तंत्र में भी समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

शिक्षा और संस्कारों के साथ आगे बढ़ती जाएं छात्राएं

उप मुख्यमंत्री ने यहां राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय, राजकीय कन्या महाविद्यालय एवं राजकीय कला कन्या महाविद्यालय के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियां हमारा गौरव हैं। वे शिक्षा और संस्कारों के साथ आगे बढ़ते हुए हर क्षेत्र में अपना, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करें। महाविद्यालयों में उनकी प्रतिभाओं को फलने फूलने के व्यापक अवसर मिलेंगे। कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। कोटा की बेटियां भी इन महाविद्यालयों के जरिये कॉरियर एवं जीवन में सफलता की नई ऊंचाईयां प्राप्त करेंगे। लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने भी छात्राओं का आह्वान किया कि वे बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करेंए राज्य सरकार उनकी हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम में राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो नीलिमा सिंह, महाविद्यालय प्राचार्यगण, स्टाफ एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

ऐसे नवाचार करें कि विद्यार्थियों में स्ट्रेस न होने पाए

उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कोटा प्रवास के दौरान स्टूडेंट वेलफेयर सोसाइटी एवं हॉस्टल एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत की। यहां उन्होंने कहा कि कोचिंग संस्थान इस तरह के नवाचार करें कि विद्यार्थियों में स्ट्रेस न बढे, दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं न हो। उन्होंने आह्वान किया कि कोचिंग एवं हॉस्टल संचालक राज्य सरकार की गाइडलाइन की पालना करते हुए विद्यार्थियों को सकारात्मक एवं घर जैसा माहौल देने के प्रयास करें जिससे शिक्षा में कोटा का नाम निरंतर ऊंचाइयां छुए। कोचिंग संस्थान संचालकों की ओर से केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के संबंध में उनका पक्ष रखे जाने की बात कही गई जिस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित पक्षों के साथ बैठकर विचार विमर्श किया जाएगा।

आरटीई में दोहरा लाभ ले रहे है कई विद्यालय

अभिभावकों किया जा रहा है परेशान

परिष्कार पत्रिका जयपुर। आर टी ई में एडमीशन को लेकर कई विद्यालय एडमीशन के नाम पर विभाग से उठा रहें मोटा पैसा। कागजों में ही चल रहे है कई स्कूल। आरटीई के छात्र-छात्राओं से किसी तरह की फीस नहीं लेने के निर्देशों की अवहेलना कर कई जगह देखने में आ रहा है कि विद्यालय प्रशासन अभिभावकों से किताबों, ड्रेस और कनवेंस के साथ अन्य गतिविधियों के नाम पर मोटी राशी वसूल कर हैं। साथ ही ये इन विद्यार्थियों के नाम से विभाग से भी आरटीई के नाम पर पैसा उठा रहे हैं। इस तरह से कई विद्यालय दोहरा लाभ उठा रहे हैं। साथ ही अभिभावकों को विभिन्न मदों में आर्थिक भार डालकर मानसिक प्रताड़ना दे रहे है।

ऐसे में हम अगले अंक में विस्तार से बताएंगे की क्या खेल हो रहा है आरटीई एडमीशन में। यदि आप अभिभावक है और आरटीई में आपके बच्चों के साथ हो रही है परेशानियां तो परिष्कार पत्रिका से सम्पर्क करें हम आपकी आवाज बनेंगे और प्रशासन तक पहुंचाएंगें। **हमारे मो नं हैं 9314407796, 9829113367**

खाद्य इकाई लगाने के लिए मिलेगा 90 प्रतिशत तक ऋण, 10 लाख रूपए तक का अनुदान

परिष्कार पत्रिका जयपुर। प्रमुख शासन सचिव, कृषि एवं उद्यानिकी वैभव गालरिया की अध्यक्षता में पंत कृषि भवन में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पीएमएफएमई की बैठक राज्य के प्रमुख बैंकों के स्टेट हैड के साथ आयोजित की गई। प्रमुख शासन सचिव द्वारा बैंक अधिकारियों को इस योजना के प्रति संवेदनशील रहते हुए योजना के लक्ष्य अर्जित करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य खाद्य से सम्बन्धित योजना में अनुदान प्रदान कर इकाईयों को बढ़ावा देना है। उल्लेखनीय है कि आटा मील, दाल मील, प्रोसेसिंग यूनिट, रोडिंग विल्लिंग यूनिट, आचार व पापड़ के उद्योग, दूध व खाद्य पदार्थों से सम्बन्धित इकाईयों के लिए इस योजना में अनुदान दिया जा रहा है। प्रमुख शासन सचिव ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बैंकों द्वारा छोटे व मंझले खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों को अधिक से अधिक किस प्रकार लाभान्वित करवाया जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना में नई व पुरानी खाद्य इकाईयों को स्थापित करने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा 35 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख रूपये का अनुदान दिया जा रहा हैं तथा इस योजना के तहत विभिन्न बैंकों की ओर से खाद्य इकाई लगाने पर 90 प्रतिशत तक की ऋण सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में योजना को जन-जन तक पहुंचाने एवं आवेदकों की सहायता हेतु हैल्पलाईन नम्बर 9829026990 कार्यरत है। योजना में आवेदनों की संख्या बढ़ाने की दृष्टि से रोलिंग प्रक्रिया के द्वारा अधिक से अधिक डिस्टिक रिसोर्स पर्सन सूचीबद्ध किये जा रहे हैं। सामान्य प्रक्रिया के तहत डिस्टिक रिसोर्स पर्सन के लिए आवेदन पत्र पीएमएफएमई राजस्थान पोर्टल पर उपलब्ध हैं। राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड के जनरल मैनेजर आशु चौधरी ने बताया कि इस योजना का संचालन विपणन बोर्ड द्वारा विगत 3 वर्षों से किया जा रहा हैं जिसमें भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा सम्मिलित रूप से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने के लिए अनुदान दिया जा रहा है। इसके लिए राज्य में एक प्रबंध यूनिट का संचालन भी किया जा रहा है। यह यूनिट इकाई को मशीन, आवेदन, बाॅण्डिंग व मार्केटिंग में भी सहयोग करती है। इस योजना में आवेदन पूर्ण रूप से निःशुल्क है तथा डिस्टिक रिसोर्स पर्सन को 20 हजार रूपये की राशि का भुगतान भी राज. राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा किया जाता है।

प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -

**संप

शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दें शिक्षक : शिक्षा मंत्री

छात्राओं को सौंपी निःशुल्क साईकिल भामाशाओं, मेघावी छात्राओं का किया सम्मान

परिष्कार पत्रिका जयपुर। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कोटा जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महावीर नगर तृतीय में निःशुल्क साईकिल वितरण समारोह एवं वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों के बीज भी बच्चों में बोएं जिससे वे श्रेष्ठ नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा कि संस्कारों के बिना कोरी शिक्षा निरर्थक है व शिक्षक विद्यार्थियों के समक्ष आदर्श प्रस्तुत करें जिससे वे प्रेरणा ले सकें। उन्होंने स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए सामूहिक रूप से महीने में एक बार समूचे विद्यालय परिसर की सफाई करने का भी आह्वान किया। उन्होंने 15 फरवरी को सूर्य सप्तमी के अवसर पर सूर्य नमस्कार के लिए भी प्रत्येक विद्यालय प्रार्थना के समय नियमित अभ्यास प्रारंभ करने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे गाडिया लुहार जैसे घुमन्तु व अन्य समुदाय के वंचित वर्ग को भी शिक्षा की मुख्य धारा में लाने का सार्थक प्रयास करें। बालिका सुरक्षा एवं गरिमा को लेकर उन्होंने कहा कि छात्राओं के साथ विद्यालय में अनुचित व्यवहार को अति गंभीरता से लिया जाकर कडी कार्रवाही अमल में लाई जायेगी। इस अवसर पर छात्राओं को 2 वर्ष बाद निःशुल्क साईकिल प्रदान की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि विद्यालयों में सभी भाषाओं का अध्ययन हो और विद्यार्थी इन्हें सीखें

लेकिन मातृभाषा के प्रति प्रेम और सम्मान सर्वोच्च रहे। उन्होंने विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए 2047 तक हर बच्चे को शिक्षित बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न भामाशाहों का सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुति की। जिला शिक्षा अधिकारी के के शर्मा, सीडी ईओ चारु मित्रा सोनी, संस्था प्रधान सीमा सलूजा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

एनएसएस की खुशी जोया का राज्य स्तर पर चयन

युवा संसद के लिए हुआ चयन

परिष्कार पत्रिका लाडनूं। जैन विश्व भारती संस्थान में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की स्वयं सेविका खुशी जोया का युवा संसद-2024 प्रतियोगिता के लिए राज्य स्तर पर चयन किया गया है। प्रभारी डा बलवीर सिंह ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रदेश भर से कुल 32 प्रतिभागी चयनित किए गए हैं। सभी जिलों से 2-2 विद्यार्थियों का चयन किया जाना था, जिनमें से नागौर जिले से चयनित दो विद्यार्थियों में जैन विश्वभारती संस्थान की यह छात्रा सम्मिलित है। दूसरी छात्रा कुचामन महाविद्यालय की है। गौरतलब है कि जैन विश्वभारती संस्थान की छात्रा स्मृति कुमारी ने इससे पूर्व नई दिल्ली में भारतीय संसद में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रबोधित करके अपने विचारों की अभिव्यक्ति दे चुकी।

सेंट सॉल्जर स्कूल में शुभकामनाओं सहित आर्शीवचन एवं विदाई समारोह का आयोजन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। सी-स्कीम में स्थित सेन्ट सॉल्जर पब्लिक स्कूल के कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए शुभकामनाओं सहित विदाई समारोह का आयोजन किया। कक्षा 12वीं के सभी छात्रों का तिलक लगाकर व पेन देकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष, सरदार अजयपाल सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति कोषाध्यक्ष, सरदार जसबीर सिंह एवं विद्यालय प्राचार्या सोनल शर्मा ने की। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मनोरंजन किया गया। कक्षा 12वीं के छात्र व छात्राएं रैंप वॉक मॉडलिंग करते हुए एवं विभिन्न प्रकार के गेम्स खेलते हुए बहुत ही उत्साहित एवं आकर्षक लग रहे थे।

सरदार अजयपाल सिंह ने सभी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर माता-पिता, शिक्षक एवं विद्यालय का नाम रोशन करे। सरदार जसबीर सिंह ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

विद्यालय परिवार की ओर से मीनाक्षी कुही एवं दीपा सांघी ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देकर विदाई दी। विद्यालय में बिताएँ क्षणों को दृष्टि कूलवाल ने कविता में संजोया एवं दृष्टि नरुका ने विद्यालय परिसर व विद्यालय के शिक्षकों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहाँ पर सभी छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर नैतिकता से परिपूर्ण उच्च कोटि की शिक्षा दी जाती है। ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी के माध्यम से दीपक कुमार मिस्टर फेयरवेल एवं रिशिका शर्मा मिस फेयरवेलन् चुनी गई। बारहवीं के सभी छात्रों को विद्यालय परिवार ने स्मृति चिह्न के रूप में फोटो फ्रेम एवं कक्षा बारहवीं के छात्रों ने विद्यालय को वॉटर डिस्पेंसर उपहार स्वरूप भेंट किया।

विद्यालय प्राचार्या सोनल शर्मा ने छात्रों को आशीर्वाद देकर मंगल कामना करते हुए छात्र-छात्राओं को परीक्षा में धैर्य, लगन एवं मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर छात्रों ने प्रीतिभोज का आनंद लिया। विद्यालय में बिताएँ गए क्षणों को याद कर छात्र भाव विभोर हुए।

जगतपुरा में फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन

व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाकर वितरित किए गए

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान शुद्ध आहार-मिलावट पर वार के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर के निर्देश पर 22 फरवरी 2024 को आर टेक कैपिटल मॉल, जगतपुरा जयपुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ बी एल मीणा के निर्देशन में फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया।

आर टेक कैपिटल मॉल प्रशासन के सहयोग से आयोजित कैम्प में भोजन और खाद्य सामग्री के व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाकर वितरित किए गए। शिविर में रजिस्ट्रेशन के 38 तथा लाइसेंस का 01 आवेदन प्राप्त हुआ, जिनसे कुल रुपए 17,200 राजस्व की प्राप्ति हुई। सीएमएचओ डॉ बी एल मीणा ने बताया कि बिना लाइसेंस अथवा रजिस्ट्रेशन के खाद्य सामग्री और भोजन बेचना गैर कानूनी है। शिविर में आए हुए व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 में निहित प्रावधानों एवं उपबंधों की जानकारी दी गई। सुरक्षित व स्वच्छ खाद्य निर्माण के लिए फोस्टैक ट्रेनिंग देने के साथ ही अन्न मोटे अनाज के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अंगदान के लिए प्रेरित करके शपथ दिलवाई गई। उन्होंने बताया कि एमएफटीएल मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब ऑन व्हील्स भी कैंप स्थल के आसपास निशुल्क फूड टेस्टिंग के लिए उपलब्ध रही, जिसमें कई नमूनों की जांच कर मौके पर ही परिणाम दिया गया।

शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेशचंद यादव व नंदकिशोर कुमावत तथा कंप्यूटर सहायक विष्णु शर्मा व बबलू स्वामी उपस्थित रहे। मॉल के मुख्य मैनेजर करमसिंह यादव ने कैम्प में उल्लेखनीय सहयोग किया।

बचपन स्कूल का वार्षिक उत्सव

बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार आगे बढ़ने को मौका दे : देवनानी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि बच्चों को बचपन से ही उनकी रूचि के अनुसार आगे बढ़ने का मौका देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चे मन लगाकर सीखे। अभिभावक बच्चों पर पूरा ध्यान दें और अध्यापक बच्चों को सुसंस्कारित करें।

देवनानी ने यहां बिरला सभागार में आयोजित बचपन स्कूल के वार्षिक उत्सव को सम्बोधित किया। देवनानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। देवनानी ने कहा कि बच्चों को अपनी रूचि के अनुसार ही विषयों का चयन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपना लक्ष्य तय कर, उस दिशा में मेहनत करके आगे बढना चाहिए, ताकि वे अपने जीवन में सफल हो सके। अभिभावकों को भी बच्चों की रूचि के अनुसार उन्हें आगे बढ़ने का मौका देना चाहिए। देवनानी ने कहा कि बच्चों को अच्छे, संस्कार, अच्छा वातावरण, सद्व्यवहार और उनको सकारात्मक दिशा में बढने की जिम्मेदारी विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और अभिभावकों की समान रूप से होती है। ये सभी अपनी जिम्मेदारी का निष्ठा और निर्दहन कर देश की प्रगति में सहभागी बने। इस मौके पर मुकेश दाधीच, बलदेव व्यास, योगेश व्यास सहित प्राचार्य, अध्यापक, बच्चें और अभिभावक मौजूद थे।

पाराशर चिल्ड्रन पैरेडाईज विद्यालय में धूमधाम से मनाया विदाई समारोह

परिष्कार पत्रिका जयपुर। पाराशर चिल्ड्रन पैरेडाईज सीनियर सैकंडरी विद्यालय में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने विदाई समारोह मनाया। इस अवसर पर निकेश रामलाल पराशर और प्रिंसिपल सुघरपाल ने सभी विद्यार्थियों को उपहार और शुभाशीष देते हुए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। जिसका सभी ने जमकर आनंद उठाया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थी आकर्षक वेषभूषा से सजधज कर विद्यालय पहुंचे। कार्यक्रम में प्रभूदयाल, नवीन शर्मा, अंकित कुमार, मोनिका कुमारी, मनीषा शर्मा, खुशबू वर्मा, कविता कंवर, तनिषा पराशर, इंशा बानो, शोभा देवी, रामसिंह, महेन्द्र, गजानंद, चंचल डाबी सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने विदाई समारोह के अवसर पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने अपने गुरूजनों का आशीर्वाद लिया और कार्यक्रम के लिए आभार प्रकट किया।

सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल में गुडलक एवं विदाई समारोह का आयोजन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। सेन्ट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल प्रताप नगर जयपुर में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों की गुडलक पार्टी का आयोजन किया गया। कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने अनेक रंगारंग और दिलचस्प कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया।

कक्षा 11वीं के विद्यार्थी रेट्रो थीम स्कूल के दिन एवं लेजी डांस पर विद्यार्थी थिरके एवं माहौल को उल्लासदायक बना दिया। साथ ही साथ 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों की विदाई को परिलक्षित करते हुए अनेक गाने प्रस्तुत किये। विद्यार्थियों ने यह दर्शा दिया कि विदाई को सहना सभी के लिए मुश्किल है परन्तु जीवन में आगे बढने के लिए परिवर्तन आवश्यक है। संस्था के प्राचार्य डॉ एस डी शर्मा ने विद्यार्थियों को आगामी सफल जीवन के गुर बताये एवं कहा की जीवन का मूल मंत्र अनुशासन एवं समय का सदूपयोग है। संस्था के निदेशक मुदित विलियमस ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं कहा कि प्रयास करने वालो की कभी भी हार नही होती, जीवन में सतत प्रयास निहा एवं बडों के प्रति आदर सफलता की कुंजी है। सचिव भावना विलियमस ने जीवन जीने की कला के बारे में बताया कि जीवन में हमेशा आगे बढों एवं पूर्व में की गई गलतियों से सबक लेकर विकास का रास्ता अपनाओं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक जगदीश मीणा स्थानीय पार्षद मोती लाल मीणा एवं प्रोफेसर ऋषिराज शर्मा ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढाई।

हरिशंकर लुगरिया बने धानका समाज सवाई जयपुर के सचिव

परिष्कार पत्रिका जयपुर। धानका जनजाति सवाई जयपुर के चुनाव में विजेता हुए अध्यक्ष एवं सचिव का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि मुनेश गुर्जर महापौर नगर निगम हैरिटेज ने धानका जनजाति सवाई जयपुर के नव निर्वाचित अध्यक्ष महादेव फरण्ड और सचिव हरिशंकर लुगरिया को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर महापौर मुनेश गुर्जर ने समाज की एकता और शिक्षा पर जोर देकर कहा कि शिक्षा और एकता ही समाज को आगे बढ़ाती है। इस समाज के गणमान्य नागरिकों ने दोनों पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व सवाई जयपुर के पदाधिकारियों और कार्यक्रम संयोजक नानक राम कायथ पूर्व सचिव ने मुख्य अतिथि मुनेश गुर्जर का शॉल ओढ़ाकर और गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर राजकुमार कायथ, रामनारायण कायत, चंद्रलाल लंदर, हेमंत निर्माण, ब्रजसुंदर निर्वाण, अशोक लुगरिया नानगराम मावर सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

महात्मा गांधी विद्यालय मानसरोवर में विद्यार्थियों ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

परिष्कार पत्रिका जयपुर। 15 फरवरी 2024 को सूर्य सप्तमी के अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा विद्यालय परिसर में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ विद्यालय के सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों ने उत्साह के साथ सूर्य नमस्कार किया कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद रामप्रवतार गुप्ता भामाशाह पीसी शर्मा ने अपना उद्बोधन दिया तथा सूर्य नमस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रिंसिपल अनु चौधरी ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

अयोध्या प्रयागराज रामलला के तीर्थ दर्शन के लिए बस रवाना

परिष्कार पत्रिका जयपुर। श्रीराम भक्त सेवा समिति के तत्वावधान में अयोध्या प्रयागराज रामलला तीर्थ दर्शन के लिए दुर्गा विस्तार कॉलोनी से श्रृद्धालुओं का पहला जत्था बस रवाना हुआ। समिति के अध्यक्ष हरवीर सिंह चौधरी, उपाध्यक्ष लादूराम राजपूत, अमर सिंह बघेल, राजेश तिवारी, विश्वेन्द्र सिंह, लेखराज सैन, रामप्रवतार वैष्णव, हरीराम चौधरी, राकेश राजोरिया, शंकर सिंह राजावत, बाबूलाल कर्णावत और सुरेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों बस को श्रीराम की पताका को लहराकर बस को रवाना किया।

पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर जिले में बढ़ रहे नशे पर चिंता जताई

परिष्कार पत्रिका हनुमानगढ़। राजस्थान धानका आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने जिले के नवनियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। साथ ही जिला पुलिस अधीक्षक को जिले में बढ़ रहे नशे की वस्तुस्थिति से अवगत करवाते हुए कहा कि हनुमानगढ़ जिला पंजाब व हरियाणा से सटा हुआ होने के कारण हनुमानगढ़ जिले के युवा रिहे के आदि हो चके है। रिहे के कारण हनुमानगढ़ जिले का युवा अपनी सुध बुध खुलकर चोरीए चौन स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम दे रहा है, जो कि गंभीर विषय है। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने आश्वस्त किया कि आमजन के सहयोग से जिले में बढ़ रहे नशे पर त्वरित कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर राजस्थान धानका आदिवासी समाज के प्रदेशाध्यक्ष इन्द्र कुमार मिनानियां, जिलाध्यक्ष रामकिशन किराड़ जिला प्रभारी ओमप्रकाश होठना, प्रदेश सदस्य ओमप्रकाश मावर, मीडिया प्रभारी नंदकिशोर खरोड़, चेतराम डाबला, कृष्ण तुगरिया उपस्थित थे।

गुलमर्ग कश्मीर में राष्ट्रीय आईस स्टॉक प्रतियोगिता में राजस्थान ने जीता पदक

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान आइस स्टॉक असोसिएशन की महासचिव साक्षी शर्मा ने बताया कि राजस्थान टीम ने 9 से 11 फरवरी को गुलमर्ग कश्मीर में हुए राष्ट्रीय आइस स्टॉक प्रतियोगिता में सीनियर पुरुष वर्ग में टीम टारगेट इवेंट और टीम डिस्टेंस इवेंट में कर्मशः ब्रोंज और सिल्वर पदक जीता तथा सीनियर महिला वर्ग में 2 सिल्वर और 3 गोल्ड पदक अपने नाम किए। साथ ही जूनियर वर्ग में पुरुष वर्ग में 3 ब्रोंज पदक टीम इवेंट में जीते तथा जूनियर महिला वर्ग में 2 स्वर्ण पदक और 3 ब्रोंज पदक टीम इवेंट में जीते। टीम कोच चन्द्रप्रकाश शर्मा, टीम मैनेजर राहुल कुमावत पूरे टूर्नामेंट में टीम को हौसला आगे बढ़ाते हुए अंत तक टीम को विजयीं बनाने में सफल रहे। राजस्थान टीम ने यह पदक -9 तापमान में खेल कर जीते हैं जिनके लिए ठंड का सामना करना और पदक लाना बहुत ही गर्व की बात है।

रजि नं. 259/2001 राजस्थान सरकार से स्वाई मान्यता प्राप्त

जय मां सरस्वती विद्यापीठ सी.सै. स्कूल

संकाय- कला एवं वाणिज्य [कक्षा नर्सरी से 12वीं तक (हिन्दी माध्यम)]

JMS VIDHYAPEETH SR. SEC. SCHOOL

(An English Medium) Nur. to XII(Arts & Com.)

प्रवेश प्रारंभ 44, दुर्गा विस्तार कॉलोनी, तवल जी का बंधा, एमबीसी स्टाफ क्वार्टर्स के पीछे, शांतीपुरा रोड़, जयपुर -6

Ph. 0141-2225200, Mob. No. 9251467543, 9251467545

विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

PRIME TRACK

शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.

Trackon
Couriers Pvt. Limited

अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -

शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

परिष्कार पत्रिका समाचार पत्र एवं परिष्कार न्यूज चैनल
में अपने क्षेत्र की खबर, संदेश, श्रद्धांजली, व्यक्तिगत परिचय, विज्ञापन प्रकाशन और प्रसारित के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर
शाखा कार्यालय : शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान] वाट्सअप मो. नं. 9314407796, 9351311820
Website : www.parishkarpatrika.com,
Email : parishkarpatrika@gmail.com,
Youtube channel : Parishkar patrika

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 141-2450128/ 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार